संपादकीय

# एतराज की बात तो है

तर्क यह है कि सरकारी पद पर रहते हुए अधिकारी भविष्य में पद पाने की उम्मीद में किसी कंपनी या राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने वाला निर्णय ले सकता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के उपाय होने चाहिए। लेकिन अब ऐसी अपेक्षाएं हाशिये पर पहुंचा दी गई हैं।

जस्टिस एस अब्दुल नजीर को राज्यपाल बनाए जाना बेनजीर घटना तो नहीं है, फिर भी उस पर जताए जा रहे एतराज का संदर्भ है। बल्कि यह कहा जाएगा कि ये आपत्तियां वाजिब हैं। जस्टिस नजीर इसी वर्ष चार जनवरी को सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए। वे अयोध्या भूमि विवाद और तीन तलाक जैसे कई बड़े न्यायिक फैसलों का हिस्सा रहे। इन फैसलों से सत्ता पक्ष के नैरेटिव की पुष्टि हुई थी। अब उनके रिटायरमेंट के छह हफ्ते बाद ही उन्हें आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। तो लाजिमी है कि विपक्ष ने उन पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने इस सिलसिले में पूर्व कानून मंत्री और दिवंगत भाजपा नेता अरुण जेटली के पुराने बयान का हवाला दिया है। जेटली ने 2013 में कहा था कि सेवानिवृत्ति से पहले के निर्णय के निर्णय से अगर सेवानिवृत्ति के बाद नौकरी मिले, तो न्यायपालिका के लिए यह खतरनाक है। गौरतलब है कि रंजन गोगोई के बाद यह दूसरी नियुक्ति है। गोगोई के रिटायर होने के बाद उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया गया था। अयोध्या फैसला देने वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच के वे अध्यक्ष थे।

उधर जस्टिस नजीर के नेतृत्व वाली संविधान पीठ ने 2016 की नोटबंदी प्रक्रिया को सही ठहराया था। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि मन्त्रियों, सांसदों, विधायकों और नेताओं की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए यह प्रश्न उठा है कि ऐसे फैसलों और टिप्पणियों से सत्ताधारी दल प्रसन्न हुआ और अब उसने उन्हें पुरस्कृत किया है? एक समय अधिकारियों के रिटायरमेंट उनकी किसी सरकारी नियुक्ति के पहले कूलिंग पीरियड तय करने की मांग उठी थी। बल्कि अपेक्षा यह भी रही है कि सरकारी पद से हटने के बाद किसी निजी कंपनी को ज्वाइन करने से पहले भी एक कूलिंग पीरियड होना चाहिए। तर्क यह है कि सरकारी पद पर रहते हुए अधिकारी भविष्य में पद पाने की उम्मीद में किसी कंपनी या राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने वाला निर्णय ले सकता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के उपाय होने चाहिए। लेकिन अब ऐसा लगता है कि ऐसी अपेक्षाएं हाशिये पर पहुंचा दी गई हैं।

# देश में बढ़ेगी जस्ता मिश्रित जंगरोधी इस्पात की मांग



**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश की विकास यात्रा में जिंक यानी जस्ते की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में जस्ते के साथ मिश्रित करके जंगरोधी इस्पात बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम हो रहा है।

श्री सिंधिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय जिंक संघ (आईजेडए) ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) द्वारा राजधानी में वैश्विक जिंक शिखर सम्मेलन के चौथे संस्करण के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। इस सम्मेलन में सूर्य रोशनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं संसद सदस्य राजू बिष्ट आईजेडए के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, आईजेडए के कार्यकारी निदेशक डॉ एंड्रयू ग्रीन एवं निदेशक (भारत) डॉ राहुल शर्मा, तथा उद्योग जगत के अन्य नेताओं ने ग्लोबल ट्रेंड्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, ऑटोमेटिव इंडस्ट्री, रेलवे आदि तथा टिकाऊ विकास की परियोजनाओं में जिंक के उपयोग को लेकर विचार-विमर्श किया।

भारत के सबसे बड़े गैल्वनाइजिंग शिखर सम्मेलनों में से एक, इस सम्मलेन में 100 से अधिक भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया, जिसमें मंत्रालय के अधिकारी, विचारक, जिंक उत्पादक, गैल्वनाइजर, गेल्वेनाइज़्ड उत्पादों के अंतिम उपयोगकर्ता, रेलवे उद्योग के अधिकारी, राजमार्ग प्राधिकरण, आर्किटेक्ट, डिज़ाइन कंसलटेंट तथा पत्रकार शामिल थे।

इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि भारत दुनिया के चार सबसे बड़े जस्ता उत्पादकों में से एक है जो दुनिया के कुल जस्ते का लगभग छह प्रतिशत उत्पादन करता है जिसकी खपत घरेलू बाजार में होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे और भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) देश में जंगरोधी इस्पात बनाने के लिए मिल कर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जस्ता एक उत्कृष्ट जंगरोधी धातु है। हमारे जस्ते की लगभग 80 फीसदी खपत स्टील ट्यूबों, वायर्स, शीट्स, स्ट्रक्चर्स, फोस्टर वाइज मार्किट, केबल्स और ट्रेड के हॉट गैल्वनाइजिंग में होती है। इसके अलावा राजमार्ग, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण विद्युतीकरण जैसे बड़े पूंजीगत व्यय वाले क्षेत्र हैं। साथ ही इस साल के बजट में लगभग 10 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय कार्यक्रम का अनुमान लगाया गया है, जिससे नए बाजार आएंगे और जो नए अवसरों की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि गैल्वेनाइज्ड स्टील न केवल जीवनकाल बढ़ाता है बल्कि यह हमारी अवसंरचना को और अधिक सुंदर एवं सुरक्षित बनाता है।

उन्होंने इस्पात उद्योग के बारे में कहा कि वर्ष 2030 तक देश में इस्पात उत्पादन को 15 करोड़ टन से दोगुना करके 30 करोड़ टन करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। भारत आज पहले से ही दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक है और वैश्विक स्तर पर जस्ते के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है जो कि देश के लिए गर्व का एक महत्वपूर्ण क्षण है। जिंक के इन पुरस्कार के साथ हम हमारी अमृत काल की इस विकास यात्रा को और आगे बढ़ाएंगे।

इस मौके पर श्री अरुण मिश्रा ने कहा,कार्बन उत्सर्जन शून्य के स्तर पर लाने की यात्रा में भारत 2070 तक देश में अधिक हरित प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक खेती, प्रदूषणरहित अवसंरचना और संबद्ध हरित सेवाओं को लागू करने को लेकर प्रेरित होगी। साथ ही जिंक पर्यावरण के अनुकूल संरचनाओं में अधिक निवेश करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ग्लोबल जिंक समिट के जरिये, हमारा उद्देश्य कार्यकुशलता बढ़ाने वाली सामग्री प्रणाली के रूप में जिंक के कार्यान्वयन के बारे में जागरुकता पैदा करना है। देश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि देश के महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक ढांचे की दीर्घायु और सुरक्षा के महत्व को समझा जाए। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर जिंक की मांग को स्थायित्व और प्रमाणित जंग संरक्षण विधि के रूप में समझा जाना चाहिए।

सम्मलेन में हिंदुस्तान जिंक, टाटा स्टील, पीजीसीआईएल, क्रिसल, सूर्या रोशनी, आरआर इस्पात, इंटरनेशनल लेड-जिंक डेवलपमेंट एसोसिएशन तथा आईआईटी चेन्नई और अन्य ने भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन ऑटोमोबाइल क्षेत्र में गैल्वनाइजिंग के महत्व पर एक समर्पित सत्र आयोजित होगा जिसमें ऑटो कंपनियों, ऑटो एक्सपर्ट्स और ऑटोमोबाइल कंपनियों को आपूर्ति करने वाले भारतीय इस्पात उत्पादकों के वक्ता अपने अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

वैश्विक जिंक शिखर सम्मेलन में उन महिलाओं के लिए समर्पित एक विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है जो कि खनन उद्योग को चला रही हैं। अंतरराष्ट्रीय जिंक संघ का उद्देश्य जिंक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के लिए एक अभिन्न और प्रभावी सहायक संगठन बनना है।

## अश्विन ने लंच से पहले कराई भारत की वापसी, ऑस्ट्रेलिया ने खोए 3 विकेट

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दिल्ली में है। चार मैच की सीरीज का पहला मैच भारत ने पारी और 132 रन से अपने नाम किया था। अब भारत की कोशिश दूसरा मैच भी जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की होगी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 94/3 है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने इस बार भी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट के नुकसान पर 94 रन बना लिए हैं। क्रीज पर उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड मौजूद हैं। ख्वाजा ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। लंच से ठीक पहले अश्विन ने मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को आउट कर भारत की वापसी कराई। वहीं मोहम्मद शमी ने वॉर्नर को आउट कर कंगारुओं को पहला झटका दिया था।

## एलन मस्क ने भारत में 3 में से 2 ट्विटर ऑफिसों को किया बंद

**वर्क फ्रॉम होम करेंगे कर्मचारी**



**नई दिल्ली ।** भारत में पहले से ही नुकसान में चल रही माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने यहां अपनी तीन में दो ऑफिस को बंद कर दिया है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा है। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है, तब से कई बड़े बदलाव कंपनी में देखने को मिले हैं। कंपनी ने पिछले साल के अंत में भारत में अपने लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों में से 90प्रतिशत से अधिक को निकाल दिया था। अब राजनीतिक केंद्र नई दिल्ली और वित्तीय केंद्र मुंबई में अपने कार्यालयों को बंद कर दिया है।

ट्विटर का भारत में अब सिर्फ एक ऑफिस रह गया है। कंपनी ने बेंगलुरु के दक्षिणी टेक हब में एक कार्यालय का संचालन अभी जारी रखा है, जिसमें ज्यादातर इंजीनियर काम करते हैं। ट्विटर के ही एक कर्मचारी ने नाम न बताने की शर्त पर ये जानकारी साझा की है। अरबपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी मस्क ने 2023 के अंत तक ट्विटर को वित्तीय रूप से स्थिर करने के प्रयास के तहत दुनिया भर में कर्मचारियों की छंटनी की और कार्यालयों को बंद कर दिया है। भारत में गूगल जैसी सोशल मीडिया कंपनी लंबे समय के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है। वहीं, मस्क के नवीनतम कदमों से पता चलता है कि वह फिलहाल बाजार को कम महत्व दे रहे हैं।

ट्विटर पिछले वर्षों में भारत के सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है, जिसपर गरमागर्म राजनीतिक बहस होती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 86।5 मिलियन फॉलोअर्स इस पर हैं। इसके बावजूद मस्क की कंपनी के ने भारत से अपने दो ऑफिसों को बंद करने का फैसला लिया है। इससे यकीनन कंपनी के राजस्व पर असर पड़ेगा।

## बीसीसीआई के प्रमुख चयनकर्ता चेतन शर्मा का इस्तीफा, स्टिंग विवाद के बाद छोड़ा पद



**नई दिल्ली।** स्टिंग ऑपरेशन में टीम इंडिया के खिलाड़ियों के कई तरह के खुलासे करने वाले बीसीसीआई चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा बोर्ड सचिव जय शाह को भेज दिया। रिपोर्ट की मानें तो जय शाह ने चेतन शर्मा के इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया है।

बता दें कि हाल ही में एक स्टिंग ऑपरेशन के चलते चेतन शर्मा विवादों में आए थे। एक स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा ने विराट कोहली-सौरव गांगुली विवाद से लेकर रोहित शर्मा-विराट कोहली झगड़े तक, भारतीय क्रिकेट में हर गर्म विषय पर विस्तार से बात की। इस स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो वायरल होने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही उनकी कुर्सी जा सकती है।

बता दें कि शर्मा को पिछले महीने लगातार दूसरी बार चीफ सेलेक्टर नियुक्त किया गया है। वह पांच सदस्यों वाली चयन समिति के प्रमुख हैं।

चेतन शर्मा के स्टिंग ऑपरेशन की बात करें तो, उन्होंने कहा था कि टीम इंडिया के कुछ सुपरस्टार प्लेयर्स इंजेक्शन लेते हैं। 80 प्रतिशत फिट होने पर भी 100 प्रतिशत फिट हो जाते हैं। चेतन शर्मा के मुताबिक ये पेन किलर नहीं हैं। ये इंजेक्शन डोप टेस्ट में पकड़ में नहीं आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्लेयर्स को मालूम होता है कि किस इंजेक्शन को डोप टेस्ट में पकड़ा जा सकता है और किसको नहीं।

चेतन शर्मा ने कहा कि कप्तान से लेकर खिलाड़ी तक उनपर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हम पांच लोग (चयनकर्ता) भारत में क्रिकेट चलाते हैं। हम वर्तमान और भविष्य तय करते हैं। रोहित शर्मा मुझसे फोन पर 30 मिनट तक बात करते हैं। हार्दिक, उमेश और दीपक हुड्डा हाल ही में मेरे घर आए थे। वे मुझ पर भरोसा करते हैं। खिलाड़ी अपने भविष्य के बारे में बात करने के लिए मेरे घर आते हैं।

वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच कई बार मनमुटाव की खबरें आई हैं। हालांकि, चेतन का कहना है कि दोनों धाकड़ खिलाड़ियों में कोई टकराव नहीं है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच कोई तकरार नहीं है। वे एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं। बस उनमें थोड़ा ईगो है यह अमिताभ और धर्मेंद्र के बीच जैसा मामला है।

## प्रेसीडेंट कप विजेता भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का हुआ सम्मान



**नई दिल्ली।** जार्डन के अम्मान में सात से 14 फरवरी तक खेली गयी तृतीय वेस्ट एशियन (प्रेसिडेंट कप) महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर स्वदेश लौटी भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का यहां एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया।

नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में वरिष्ठ खेल प्रशासक अनिल खन्ना ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का माल्यार्पण करके और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा भारतीय टीम ने विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मुझे विश्वास है कि निकट भविष्य में आप के प्रदर्शन में और सुधार होगा और वर्ल्ड लेवल पर भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने में सफल होंगे।

इस दौरान मौजूद हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने भारतीय टीम की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों व टीम कोचेज सचिन चौधरी, मोहम्मद तौहीद, प्रिया दीप सिंह और मैनजर परमेंद्र सिंह को भी बधाई दी।

टीम की इस सफलता पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा.तेजराज सिंह व कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने भी शुभकामना दी। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की संयुक्त सचिव स्वाति शुक्ला, मुख्य कोच मोहिंदर लाल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति शुक्ला, 100 स्पोर्ट्स की प्रतिनिधि हिमांशी नैन, पप्पल गोस्वामी व विवेक गिरी भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि भारतीय टीम ने सात से 14 फरवरी तक अम्मान (जार्डन) में आयोजित इस चैंपियनशिप के अपने अंतिम लीग मैच में मेजबान जार्डन को रोमांचक मैच में 28-21 से हराते हुए सर्वोच्च 12 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। वही भारत की एमवीपी निधि शर्मा बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट चुनी गई।


## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्देशक ने अभिनेत्री जयश्री सोनी को लीड रोल में कास्ट किया



प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री जयश्री सोनी प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार नामक एक कॉमेडी शो के साथ टेलीविजन उद्योग में धमाकेदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभाती हैं। जानी-मानी अभिनेत्री जयश्री सोनी चार साल के अच्छे ब्रेक पर थीं और ऑस्ट्रेलिया में थीं। वह अब टेलीविजन उद्योग में वापस लौट रही हैं। उन्होंने वहां एक हॉलीवुड फिल्म की और थिएटर में भी खुद को व्यस्त रखा। भारत लौटने के बाद उन्हें यह अवसर मिला और उन्होंने इसे हड़प लिया।

जयश्री सोनी बताती हैं कि कहानी एक मोहल्ले में रहने वाले पांच परिवारों की है। वह मधु नाम की एक पात्र की भूमिका निभाएंगी। मधु अपने परिवार के साथ पड़ोस में रहती है। उसे संदीप आनंद के साथ कास्ट किया गया है जो मधु के पति नंदू की भूमिका निभा रहे हैं। वह उसके साथ गहराई से और पागलपन से प्यार करती है पति और वह उसके ताने का भी बुरा नहीं मानती और महसूस करती है कि वह उन्हें उसके भले के लिए ही कह रहा होगा। उसकी एक सास भी है, जिसका किरदार मंजू शर्मा ने निभाया है और शो में उसका एक बच्चा भी है।

## अजित की फिल्म एके62 में देरी, एके 63 के निर्देशक होंगे विष्णुवर्धन



अजित कुमार की 2023 की शुरुआत पोंगल रिलीज, थुनिवु के साथ अच्छी रही, जो एक बड़ी हिट साबित हुई। हालांकि, एके 62 की योजनाओं में बदलाव ने प्रशंसकों और फिल्म उद्योग को झटका दिया। इस फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि विग्नेश शिवन को इस प्रोजेक्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है और अब इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मगिज्न थिरुमनी को सौंप दी गई है। विग्नेश शिवन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एके 62 प्रोजेक्ट को हटा दिया है, जो यह दर्शाता है कि वह अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं है।

25 जनवरी से इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि लायका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित एके 62 का निदेशक कौन होगा।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने कार्यों में सफल होने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन कोई तीसरा आपके काम को प्रभावित कर सकता है। समय का सदुपयोग कैसे हो, इस पर विचार कर पाएंगे।

***वृष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक घर में खुशी का माहौल बन सकता है। कुछ रिश्तेदार भी आपके घर पर आ सकते हैं। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। प्रेमी के लिए दिन मिठास से भरा रहेगा।

***मिथुन :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। करियर में तरक्की के मामले में कुछ रूकावटें आ सकती है। आपको किसी भी तरह के वाद-विवाद में पडने से बचना चाहिए।

***कर्क :*** आज आपका दिन बढिया रहेगा। सभी काम में आपको सफलता हासिल होने के योग हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आप किसी समारोह में जाने की योजना बना सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। सोचे हुए ज्यादातर काम धीरे-धीरे करके पूरे होंगे। आप दोस्तों के साथ किसी खास मामले पर बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति को लेकर अभी भी थोड़ी संभाल कर रहने की जरूरत है।

***कन्या :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है। दोस्त से मिलकर आप पूरा दिन खुश रहेंगे। कार्यालय में काम करते समय बचपन की कोई याद ताजा हो सकती है।

***तुला :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको नये लोगों से जुडने का मौका मिलेगा। किसी खास व्यक्ति से आपको कोई बड़ा फायदा हो सकता है। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। आपकी परेशानियों का समाधान पूर्ण रूप से निकलेगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यालय में कुछ दोस्तों के सहयोग से आपका प्रोजेक्ट पूरा होगा। विद्यार्थीयों को शिक्षकों से पढ़ाई में मदद भी मिलेगी।

***धनु :*** आज आपका दिन बढिया रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिल सकती है। साथ ही दोस्त से कोई खुशखबरी भी मिल सकती है। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आयेंगी, जिन्हें पूरा करने में आप पूरी तरह से सफल होंगे।

***मकर :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। परिवार वालों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आपको किसी अजनबी से अपनी बातों को शेयर करने से बचना चाहिए। जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन आपके पक्ष में रहेगा। अपनी काबिलियत से आप सभी काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आप सेहतमंद बने रहेंगे।

***मीन :*** आज आप अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगायेंगे। आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। बच्चों को दोस्तों के साथ बेहतरीन समय बिताने का मौका मिल सकता है।

## बनाएं केले के फलाहारी वड़े



आज महाशिवरात्रि का पर्व है। इस दिन लोग भगवान शिव की पूजा और उनके लिए व्रत रखते हैं। अगर आप भी इस मौके पर उपवास रख रहे हैं, तो केले के फलाहारी वड़े बना सकते हैं।

**सामग्री :**

- 4-5 कच्चे केले
- 4-5 बड़े चम्मच बेसन
- 3-4 कटी हरी मिर्च
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- 1 बड़ा चम्मच हरा धनिया
- 1 बड़ा चम्मच राजगिरा आटा
- तलने के लिए तेल

**विधि :**

सबसे पहले कच्चे केलों को कुकर में डालकर 1-2 सीटी आने तक उबाल लें।

जब केले उबल जाएं, तो इसके छिलके उतारकर इन्हें अच्छे से मैश कर लें।

अब मैश किए गए केले में सभी सामग्रियां अच्छे से डालकर मिक्स करें और इसे पांच मिनट के लिए ढककर छोड़ दें।

इसके बाद एक बढ़ाई में तेल डालकर इसे धीमी आंच पर गर्म करें।

अब केले के इस मिश्रण से छोटी बॉल्स बनाकर इसे तेल में डालकर अच्छे से तलें।

सुनहरा होने तक इसे पकाएं और फिर एक टिशू पेपर पर निकाल लें।

तैयार है गर्मागर्म केले के वड़े। इसके दही या चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 345

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |